## खबर संक्षेप

### मनाई जाएगी आज होल्कर जयंती

**मण्डला।** धनगर गडरिया समाज द्वारा आज महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई जाएगी महाराजपुर संगम घाट टीन सेट स्थल में एक भव्य समारोह आयोजित कर महारानी अहिल्याबाई के कृतित्व व व्यक्तित्व को स्मरण किया जाएगा इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि गण सम्मिलित होंगे इस दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा आयोजन समिति द्वारा लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है।

### कन्या शिक्षा परिसर मण्डला में रिक्त सीटों में प्रवेश 6 जून तक

**मण्डला।** प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर ने बताया कि कन्या शिक्षा परिसर मण्डला में कक्षाएँ सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित होती हैं। कक्षा सातवी में 10, कक्षा आठवीं में 8 एवं कक्षा नवमी में 2 रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु छात्राएँ अपना आवेदन पत्र समस्त अभिलेख संलग्न कर 6 जून 2025 शाम 4 बजे तक आवेदन फार्म प्रवेश प्रभारी श्री रामस्वरूप दाहिये के पास जमा करें। प्रवेश केवल एसटी संवर्ग की छात्राओं को दिया जायेगा। कक्षा में प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर दिया जायेगा। पिछली कक्षा सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी। महत्वपूर्ण अभिलेख में विगत कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, प्रोफाईल पंजीकरण पावती, समग्र आई.डी. की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, टीसी की मूल प्रति प्रवेश के समय, पासपोर्ट साईज 2 फोटो, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा अपार आई.डी./पेन नम्बर आवश्यक है।

## अधिक से अधिक सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का करें निराकरण

# जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाएं

*** अपर कलेक्टर ने दिये अधिकारियों को निर्देश।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन एवं उच्च न्यायालय के लम्बित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। 50 से अधिक दिवस के लम्बित प्रकरणों के संबंध में चर्चा करते हुए विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। अपर कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर जिले की रैंकिंग को बेहतर करने का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने समस्त सीएमओ को निर्देशित किया कि बारिश को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकाय के सभी नाला एवं नालियों की साफ-सफाई कराएं, साथ ही जर्जर भवनों का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करें। बैठक में उच्च न्यायालय के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

जिला योजना भवन में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंडावार चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारियों से जुड़े आवश्यक मुद्दों पर आयोजित की जाती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के विभिन्न लंबित प्रकरणों के संबंध में विभागीय बैठक करें, जिससे जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में निराकरण की स्थिति में पहुंचा जा सके। बैठक में कर्मचारियों के सातवे वेतनमान के निर्धारण, समयमान-वेतनमान, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन, कर्मचारियों के स्वत्व भुगतान, वरिष्ठता सूची, विभागीय भविष्य निधि पर्ची, पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण सहित अन्य विषयों पर कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विमर्श किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्माएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### माँ नर्मदा की पंचचौकी महा आरती में शामिल हुए कलेक्टर एवं सीईओ

माँ नर्मदा तट के माहिष्मती घाट पर भव्य पंचचौकी महा आरती में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट शामिल हुए। महा आरती में नर्मदा पूजन के पश्चात नर्मदाष्टक का पाठ किया गया। इसके बाद समवेत स्वर में माँ नर्मदा की आरती की गई। इस अवसर पर एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मण्डला हिमांशु भलावी, सीएमओ नगर पालिका परिषद श्री गजानन नाफड़े सहित बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन उपस्थित रहे।

## महापर्व श्रुत पंचमी एवं चरण स्थापना कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला के महाराजपुर से श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी से समाधि सम्राट 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की आज मंडला में भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से आगवानी आदरणीय बाल ब्र. राकेश भैया के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी पडाव में भव्य अगवानी आरती हुई। उसके पश्चात आचार्य भगवन की वेदी शुद्धि का प्रथम पात्र बनने का सौभाग्य मंदिर व्यवस्था कमेठी के अध्यक्ष राजकुमार बंटी भैया श्रीमति सीमा जैन अमरदीप परिवार को प्राप्त हुआ। वेदि शुद्धि का धार्मिक कार्यक्रम बहुत हीअच्छे ढंग से ब्रह्मचारी राकेश भैया के सानिध्य व निर्देशन द्वारा संपन्न हुआ। समाज के सभी कमेटियों व श्रद्धालुजन ने महिला मंडल आदि ने इस धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुर्ण्याजन किया और 31 कलश के माध्यम से वेदि शुद्धि आदि का कार्यक्रम सानंद संपन्न किया। आज 31 मई दिन शनिवार को श्रुत पंचमी महा पर्व, प्रातः 9 बजे से चरण की शांतिधारा अर्घ एवं जिनवाणी पूजन वेदी संस्कार व चरण स्थापना तथा श्री विद्या सागर विधान व हवन आदि का कार्यक्रम आयोजित होगा।



## वायसन के हमले से वनरक्षक हुआ घायल



**मण्डला।** दिनांक 30 मई 2025 को प्रातः 06 बजे, फेन अभयारण्य के बाबूझिरिया बीट के अंतर्गत श्री दिलीप कुमार रजक, वनरक्षक, द्वारा फेज-4 वन्यप्राणी गणना के दौरान ट्रांजेक्ट लाइन सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान अचानक एक बायसन (गौर) द्वारा उन पर हमला कर दिया गया। प्रात घटना की सूचना प्राप्त होते ही परिक्षेत्र अधिकारी सूपखार, श्री रेवाराम झारिया द्वारा वन रक्षक का प्राथमिक उपचार बिछिया शासकीय चिकित्सालय में कराया गया. कान्हा टाईगर रिजर्व में उपलब्ध एम्बुलेंस द्वारा वन रक्षक को उपचार हेतु मंडला जिला चिकित्सालय लाया गया। हमले में श्री रजक को पेट एवं छाती में बायसन के सिंग लगने से गंभीर चोटें आईं। घटना के पश्चात उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु मंडला जिला चिकित्सालय ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत, चिकित्सकों द्वारा उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय चिकित्सा उपचार की आवश्यकता जताई गई।चिकित्सकीय परामर्श अनुसार, श्री रजक को शासकीय एम्बुलेंस के माध्यम से जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया, जहाँ उनका बेहतर उपचार होगा।

## तेंदूपत्ता संग्राहक केन्द्र में नाबालिक बच्चों कर रहे हैं पत्ती पलटने का काम



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनारस के मजगांव तेंदूपत्ता संग्रह केंद्र में नाबालिक बच्चों से तेंदूपत्ता पत्ती जहां पर सभी लोग आकर गड्डी बनाकर सूखने के लिए खेतों में रखा जाता है ठेकेदार द्वारा छोटे-छोटे बच्चों से तेंदूपत्ता पत्ती पलटने का काम करा रहे हैं जिसमें उन्हें हर दिन 200 रूपये दिया जा रहा है ग्राम पंचायत सरपंच ने बताया कि हमारे गांव में ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को पैसे की लालच देकर उनसे तेंदूपत्ता पत्ती को पलटने का काम तेज धूप में खुले आसमान के नीचे भीषण गर्मी में इन नाबालिक बच्चों से काम करा रही है जबकि नाबालिक बच्चों पर काम नहीं कराया जा सकता अतः संबंधी अधिकारियों से निवेदन है कि तत्काल ठेकेदार एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाए।

## पीएम मोदी को भेंट करेंगे सिंदूर के पौधे



*** मण्डला जिले से 21 सिंदूर पौधों को लेकर रथ रवाना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले के समस्त नागरिकों की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन पर सिंदूर के पौधे भेंट किये जाएंगे। मण्डला कलेक्टर सोमेश मिश्रा और जिला भाजपा अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने मंडला से सिंदूर के पौधे लेकर जाने वाले शक्ति सिंदूर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

शक्ति सिंदूर रथयात्रा में मण्डला जिले से 3 महिलाएं भोपाल में 31 मई को होने वाले कार्यक्रम में प्रतिनिधि के रूप में शामिल हो रही हैं। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मण्डला जिले की ओर से मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिंदूर का पौधा भेंट किया जाएगा। यह भेंट 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी को दर्शाने और प्रधानमंत्री के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि यह भेंट समस्त मण्डलावासी एवं जिला प्रशासन मण्डला की ओर से देश की सेनाओं के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक है।

## दिव्यांग सहायता सामग्री चोरी का पर्दाफाश



**मण्डला।** दिनांक 22.05.2025 को प्रार्थी राजकुमार पटेल, सचिव रामनगर द्वारा चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आदि उत्सव कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक साइकिल तथा कान की मशीनें वितरित किए जाने हेतु लाई गई थीं, जिसमें से कुछ साइकिलें तथा कान की मशीनें कार्यक्रम स्थल रामनगर स्थित मोती महल में रखी गई थीं, अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर चोरी कर ली गई हैं। रिपोर्ट पर थाना महाराजपुर में अपराध क्रमांक 237/25 धारा 305(अ), 331(4) भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला कायम कर जांच में लिया गया। विवेचना के दौरान सूचना मिली की 03 लोग गाड़ी की बैटरी एवं मशीन बेचने की फिराक मे हैं प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम रामनगर बस स्टैंड से संदेहास्पद स्थिति में खड़े उक्त तीन व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिन्होंने चोरी की गई सामग्री बाँटकर बेचने के लिए छिपाने की बात स्वीकार की। आरोपियों से 4 नग बैटरी एवं 7 नग कान की मशीनें तथा कुल 30 मशीनें की सेल जब्त की गईं, जिनकी कुल कीमत 70,000/- रूपये है। इस कार्यवाही में आरोपी तिलक राम झारिया, विनोद उर्फ भूरा यादव दोनो निवासी रामनगर, चौकी हिरदेनगर की गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में एक अन्य विधि विरूद्ध बालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की गई।

संदेश | सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रमदान कर दिया समर्थन।

# लोगों को दिया जल संरक्षण का संदेश





*** नर्मदा पथ यात्रा का चीरी में भव्य स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा नदी के संरक्षण और जल संवर्धन के प्रति जागरूकता फैलाने निकली नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का गुरुवार को नारायणगंज विकासखंड के ग्राम चीरी पंचायत बम्हनी में भव्य स्वागत हुआ। सुबह से ही सैकड़ों ग्रामीण इस यात्रा में शामिल होकर श्रमदान के लिए निकले। यात्रा के प्रमुख जन अभियान परिषद जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी, विकासखंड समन्वयक अनिल कुमार, परामर्शदाता कृष्ण कुमार झारिया, राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सुरेश सोनी, चंद्रकला पटेल और इंद्रा उइके सहित नवांकुर संस्था मझगांव के सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणजनों ने मिलकर जल गंगा संवर्धन के लिए श्रमदान किया। श्रमदान के बाद गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें यात्रा के प्रमुख राजेंद्र चौधरी ने पथ सर्वेक्षण और उसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जल संवर्धन और संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वनों का होना अत्यंत आवश्यक है। वन होंगे तो झरने, नदियां और तालाबों में पानी की स्थिति बेहतर होगी, जिससे भूजल स्तर भी अच्छा होगा। उन्होंने इस संदेश को प्रसारित किया कि पर्यावरण के संतुलन के लिए जल संरक्षण और वन रोपण दोनों ही अत्यंत आवश्यक हैं। चौपाल में उपस्थित सभी लोगों को जल संवर्धन और संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। यात्रा बम्हनी, भावल, चिरईडोंगरी से होते हुए कोंडरामाल में संपन्न हुई।


**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय**

सुखराम विकासखण्ड नारायणगंज जिला मण्डला

पत्र क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2025/06 — दिनांक 28/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सुखराम, वि.खं. नारायणगंज में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सुखराम, वि.खं. नारायणगंज के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय
सुखराम, वि.खं. नारायणगंज जिला मण्डला म.प्र.

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय**

राजो विकासखण्ड बिछिया जिला मण्डला

पत्र क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2025/206 — दिनांक 01/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय राजो, वि.खं. बिछिया में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय राजो, वि.खं. बिछिया के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय
राजो, वि.खं. बिछिया जिला मण्डला म.प्र.

## खबर संक्षेप

### जिला नजूल प्रवर्तन समिति की बैठक सम्पन्न

डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला नजूल प्रवर्तन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 12 प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 4 प्रकरणों को स्वीकृति दी गई, जबकि 8 प्रकरणों को पुनः जांच के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को भेजे गए।

**स्वीकृत प्रकरणों का विवरण:**
1. जिला आयुष विभाग को ग्राम रंहगी में नवीन आयुर्वेदिक शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु भूमि स्वीकृत की गई। 2. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHE), मैकेनिकल उपखंड डिंडौरी को नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि स्वीकृति प्रदान की गई। 3. जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को ग्राम घुसियामाल में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई। 4. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को राघोपुर डेम के पुनर्वास हेतु भूमि की मंजूरी दी गई। पुनः जांच हेतु भेजे गए प्रकरण शेष 8 मामलों को और अधिक जांच व परीक्षण के लिए संबंधित एसडीएम को वापस भेजा गया है ताकि उनकी विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम शहपुरा, तहसीलदार डिंडौरी रामप्रसाद मार्को, तहसीलदार शहपुरा भूपेन्द्र, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एसडीओ फॉरेस्ट, जिला आयुष अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन

डिंडोरी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में हितग्राहियों की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 29 मई से 01 जून 2025 तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में जनजातीय समुदाय के पात्र हितग्राहियों को आधार अद्यतन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, यदि किसी को अतिरिक्त बीमा सहायता की आवश्यकता है, तो उसका प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा। 29 मई विकासखंड डिंडौरी, 30 मई विकासखंड शहपुरा, मेंहदवानी, 31 मई को विकासखंड समनापुर अमरपुर एवं 01 जून 2025 को विकासखंड बजाग एवं करंजिया में शिविर आयोजित होंगे। उपरोक्त शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, और संबंधित एडीएम शिविरों की निगरानी करेंगे। इसी के तहत जनपद पंचायत मेहंदवानी में जनकल्याण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें आधार अद्यतन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के 88 आवेदन निराकृत किए गए जनकल्याण शिविर में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला एवं संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

अनुविभागीय अधिकारी बजाग रामबाबू देवांगन की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक तहसील कार्यालय बजाग में रखी गयी। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति लाने तथा कार्यों की गुणवत्ता बनायें रखने हेतु नियमित मानीटरिंग करने, मनरेगा बजट तथा मस्टर रोल की मानीटरिंग व समग्र ई के वाई सी की समीक्षा की गयी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन वितरण तथा तीन माहों का अग्रिम खाद्यान्न प्रदान करने, स्वास्थ्य विभाग से वर्षा जनित बीमारियों से बचाव हेतु दवाओं के भण्डारण तथा संक्रमण संभावित क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश दिये गये। पेयजल स्रोतों में दवा डालने, पेयजल स्रोतों के आस पास सफाई रखने, छात्रावासों में साफ सफाई तथा मीनू पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। वन विभाग में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के सामुदायिक पट्टों में विस्तार से चर्चा की गयी। शिक्षा विभाग को समय पर समस्त छात्रों तक पुस्तकें पहुंचाने तथा तथा शौचालय व अन्य निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण व समय सीमा पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उद्यानकी विभाग को वर्षा पूर्व पौधों की उपलब्धता रखने को निर्देशित किया गया।

# दोहरी अंधी हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**थाना करंजिया क्षेत्र में 21 मई 2025 को हुई दोहरी हत्या की सनसनीखेज वारदात का डिंडौरी पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

घटना में एक नाबालिग बालक की निर्मम हत्या कर दी गई थी, वहीं एक महिला को गंभीर रूप से घायल किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही करंजिया पुलिस द्वारा तत्काल अपराध क्रमांक 134/25 धारा 103(1), 238, 115, 109, 331(8) भादंवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दो विशेष टीम गठित की गई, जिसमें तकनीकी साक्ष्य, घटनास्थल की जाँच और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ के आधार पर जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एवं भौतिक प्रमाण मिले, जिनके आधार पर 27 मई 2025 को महिला की भी मौत हो गई, जिससे यह मामला दोहरी हत्या में परिवर्तित हो गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के निर्देशन में दो टीमों का गठन किया गया। एक टीम ने स्थानीय स्तर पर आरोपियों की तलाश शुरू की, वहीं दूसरी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महाराष्ट्र के पुणे क्षेत्र में जांच की। जांच के दौरान लगातार प्रयासों के बाद 29 मई 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। घटना की गंभीरता एवं पुलिस की त्वरित कार्यवाही को देखते हुए महानिरीक्षक बालाघाट जोन द्वारा आरोपी पर 20,000 रूपए का इनाम घोषित किया गया। इस मामले में थाना प्रभारी नरेंद्र पाल, सउनि साहिबा सिंह तिलगाम, प्रआरक्षक मुकेश प्रधान, आरक्षक रामनंदन सनोडिया, आरक्षक शिवपाल कौरव, आरक्षक जगदीश प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों की विशेष भूमिका रही।



## जरूरतमंदों के लिए नियमित रक्त दान करें : ऐश्वर्य वर्मा

# तहसील कैंपस में 15 पटवारियों ने किया रक्तदान

न्यूज।

शहपुरा तहसील प्रागंड में 30 मई 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहपुरा एसडीएम श्री एश्वर्य वर्मा सहित 15 पटवारियों ने रक्तदान किया। इसके लिए सीबीएमओ श्री सतेन्द्र परस्ते ने ब्लड कलेक्शन एण्ड ट्रान्सपोर्टेशन वैन की व्यवस्था की। जिसमें सभी ने अपना-अपना रक्तदान किया। इस दौरान एसडीएम शहपुरा श्री एश्वर्य वर्मा ने सभी लोगो को संदेश देते हुए अपील किया कि जरूतमंदो के लिए नियमित रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। चूकि दुर्घटना व अन्य तरह की समस्या के दौरान यह रक्त बहुत काम आता है। इस दौरान डां राजीव साहू, डॉ. प्रभात अवधिया, रामकृष्ण वरकडे, लक्ष्मण चक्रवर्ती, वीरेन्द्र पाल, दिशा टांडिया, शांति कुशवाहा, विवेक नामदेव, आशुतोष रजक, अमित मेहरा, पिंकी सिंह, रिचा गौतम, आंनद डेहरिया, पटवारी सोहन साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान -ग्रामीणजनों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

# माँ नर्मदा के तटीय ग्रामों में नर्मदा सेवा समितियों का गठन






हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश के 16 जिलों, 51 विकासखंडों में जीवनदायनी माँ नर्मदा जी के जल को निर्मल तथा प्रवाह को अविरल बनाये रखने हेतु"माँ नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा"का आयोजन दिनांक 25 मई से 05 जून 2025 तक किया जा रहा है। डिंडोरी जिले में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सभी तटीय ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के आयोजन व नर्मदा पथ की अद्यतन जानकारी देने में संहयोग हेतु निर्देश जारी किए हैं। डिंडोरी जिले में यात्रा का नेतृत्व जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान कर रहे हैं। उनके साथ सहयात्री के रूप में विकासखण्ड समन्वयक अमरलाल धुर्वे, नवांकुर, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र व परामर्शदाता यात्रा में चल रहे हैं। यह यात्रा जिले के दक्षिण तट पर 29 मई 2025 को प्रातः 6 बजे भटनगर घाट पर सामुदायिक श्रमदान(नर्मदा जी की स्वच्छता) तथा नर्मदा जी की आरती एवं नर्मदाष्टक के साथ ग्राम पंचायत मेड़ाखार विकासखण्ड करंजिया से प्रारंभ हुई है जो क्रमशः बरनई, रूसामाल, परसेलमाल, बुंदेला तथा रात्रि विश्राम ग्राम पंचायत गोरखपुर किया गया है। नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा के प्रमुख उद्देश्य प्रथमतः जनअभियान परिषद द्वारा 2009-10 में किये गए नर्मदा जी के पथ के सर्वेक्षण की जानकारी को अद्यतन करना। नर्मदा तटीय ग्रामों/पंचायतों के पूर्व गठित नर्मदा सेवा समितियों/ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पुनर्गठन कर उन्हें सक्रिय करना। जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों का सम्पादन करना है। ग्राम चौपालों में स्थानीय ग्राम वासियों ने खुलकर सहभागिता निभाई। हर स्थानों में पंचायत के प्रतिनिधियों ने यात्रा दल के लोगों का स्वागत किया।

# खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त 8 वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु खनिज विभाग अनूपपुर द्वारा 02 दिवसों में कुल 08 वाहनों को खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त किया गया है। बुधवार को तहसील पुष्पराजगढ अंतर्गत आकस्मिक भ्रमण के दौरान ग्राम उफरीखुर्द में 02 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली बिना नंबर, ग्राम सरईपतेरा में 02 वाहन ट्रेक्टर मय ट्राली खनिज बोल्डर का अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर जप्त किये गये एवं वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली को सिवनी संगम रोड पर खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किए गए।



29 मई से 30 मई की दरम्यानी रात्रि को बिजुरी क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक वाहन मेटाडोर क्रमांक सीजी 16 सीएच 8606 को ग्राम बहेराबांध में खनिज रेत अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त किया गया। इसी तरह सीतापुर - हर्री सोन नदी में 02 वाहन खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने पर जब्त किए गए, जिनके वाहन क्रमांक एमपी 18 एबी 4375 हैं। साथ ही 30 मई को एक अन्य वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली बकान नाले से अवैध रेत भरकर आते हुए ग्राम परसवार में जब्त किया गया। जब्तशुदा वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज के अवैध परिवहन पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर में प्रस्तुत किया गया है।

## डेढ़ लाख कीमती सर्विस केबल के चोरी के आरोपी धराये

# विद्युत विभाग की शिकायत पर जैतहरी पुलिस की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज जैतहरी

28 मई को फरियादी संतोष सिंह धुर्वे पिता सुरेश सिंह धुर्वे उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम टकहुली थाना जैतहरी लाईन मैन म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.जैतहरी जिला अनूपपुर का आवेदन पत्र सहायक अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.जैतहरी द्वारा हस्ताक्षरित लाकर पेश किया कि 21.05.2025 की मध्य रात्रि के दौरान ग्राम पोंडी निवासी छोटू सिंह पिता गुलाब सिंह गोड एवं हरिचन्द्र सिंह पिता मोलसिंह गोड के द्वारा 7 स्पान एल.टी.पोल के केबल तार को चोरी कर लिया गया है। प्राप्त आवेदन पश्चात चोरी हुये केबल का नजरी नक्सा बनाकर अवगत कराया गया है कि सबस्टेशन वेंकटनगर से निकली 11 के.व्ही. पोडी फीडर मे दरोगा सिंह गोड के नामे अनुदान योजना मे लगा ट्रांसफार्मर अन्तर्गत लगे 10 पी.सी. पोल 10 स्पान मे से 7 स्पान का केबल तार चोरी हो गया है। इस घटना से शासन/कंपनी को लगभग 142582 रू की आर्थिक छति हुयी है। जिस पर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। आवेदन पत्र पर अपराध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 136 बिधुत अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना उपरोक्त दोनो आरोपीगणो को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम लेख कर कथन लेख किया गया जो चोरी किया तार का सिंघौरा मे ज्ञान सिंह के कुआ मे एंव छोटू सिंह उर्फ कृष्णा की बाडी मे रखे पैरा के नीचे छिपाकर रखना बताये जो बताये गये स्थान ज्ञान सिंह के कुआ से 350 मीटर एंव छोटू सिंह की बाडी से 100 मीटर कुल 450 मीटर सर्विस केबल कीमती 142582 रूपये एंव घटना मे प्रयुक्त प्लास बरामद कर आरोपियो के कब्जे से जप्त कर उपरोक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर जेआर पर पेश किया गया जिसे जेल वारंट बनने पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन मे थाना जैतहरी के थाना प्रभारी निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक अमरलाल यादव, प्रधान आरक्षक सुखदेव राम भगत, बलराम पैकरा, आरक्षक विजय टाटू की सराहनीय भूमिका रही।



## दो हजार दिन काम के बाद भी बिजली आउटसोर्स का कोटा शून्य क्यों

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. में 3 वर्ष के दौरान कुल दो सौ दिन काम करने वाले प्रदेश के सभी अतिथि शिक्षकों को नई रेगुलर सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा म.प्र. के राजपत्र क्र.-369 के माध्यम से आरक्षित किया गया है, पर हैरत की बात है कि झुलसती गर्मी, ठिठुरती ठण्ड, आँधी-तूफान, बरसते पानी और कोरोना जैसी आपदाओं के बीच वर्ष में 365 दिन विपरीत परिस्थितियों में आपातकालीन व जोखिमपूर्ण कार्य करने वाले म.प्र. के बिजली आउटसोर्स कर्मियों की नई सीधी भर्ती में अनदेखी हो रही है और उन्हें बिजली कम्पनियों की नई भर्ती में 1 प्रतिशत भी कोटा नहीं दिया जा रहा है, जो सरासर नाइंसाफी व दोहरा मापदण्ड है। इसमें बदलाव कर प्रदेश के बिजली आउटसोर्स कर्मियों का तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नई सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत कोटा रखा जाना चाहिए, इस आशय का सुझाव पत्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री राहुल मालवीय ने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री को पत्र प्रेषित कर किया है। श्री भार्गव का कहना है कि यदि म.प्र. की सभी 6 बिजली कम्पनियाँ सीधी भर्ती में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के सभी रिक्त पद फ्रेशर्स से भर देंगी, तो म.प्र. विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जारी भाजपा संकल्प पत्र के प्र.क्र.-81 पर अमल कर इन आउटसोर्स कर्मियों को संविदाकर्मी बनाकर उसका लाभ इन्हें कैसे मिल पायेगा? श्री भार्गव का मत है कि बिजली सेक्टर में सदैव अनुभव का खासा महत्व रहा है, यहाँ अनुभव को वरियता देने की परम्परा रही है। जैसे म.प्र. में विगत 50 वर्षों में काँग्रेस व अन्य सरकारों के दौरान डेली वेजेस व मस्टर कर्मियों को सीधी भर्ती में प्राथमिकता देकर नियमित करने की परिपाटी थी, वही फार्मूला अब भाजपा की सरकार को बिजली सेक्टर में चल रही भर्ती प्रक्रिया एवं प्रस्तावित भर्ती में अपनाकर 200 दिन से अधिक काम करने वाले बिजली आउटसोर्स कर्मियों के लिए सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा अतिथि शिक्षकों की तर्ज पर देना चाहिए।

# कल्याण सेवा आश्रम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय कल्याण सेवा आश्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जांजगीर चांपा महिला मंडल के द्वारा 30 मई दिन है शुक्रवार से 6 जून शुक्रवार तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का धार्मिक आध्यात्मिक भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया उक्त धार्मिक आध्यात्मिक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पूर्व स्थानिक कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक से नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर तक विशाल शोभा यात्रा कलश यात्रा निकली भक्त श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति भाव के साथ नाचती गाती भजन करती हुई निकली नर्मदा मंदिर परिसर में कलश का श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का विधिवत पूजन अर्चन किया गया इस अवसर पर सैकड़ो के तादाद में जांजगीर चांपा कोरबा सक्ती से महिला पुरुष भाग लेने हेतु आए हुए हैं।



उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के कलश यात्रा एवं शोभायात्रा में सक्ती जांजगीर चांपा संसदीय क्षेत्र के सांसद कमलेश जांगड़े अधिवक्ता श्रीमती अनुराधा राठौर साथ-साथ चलते रहे। गौरतलब है कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा भागवत किरीट व्यास पीठ से पंडित राजेंद्र शर्मा शास्त्री के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। कथा संध्या काल 4: से संध्याकाल 7: बजे तक किया जाना है भक्त श्रद्धालुओं से आधिकारिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। अंतिम दिवस 6 जून शुक्रवार को हवन भंडारा आदि किया जाएगा।

### यातायात बाधित होने के साथ-साथ हाईवे पर बढ़ रही दुर्घटनाएं

# सड़कों पर आवारा मवेशी बन रहे हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

सड़कों पर आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी नागरिकों के लिए आफत का सबब बनी है, बावजूद इसके प्रशासन पशु प्रबंधन के नाम पर सार्थक कदम नही उठा रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह मवेशी जहां यातायात के लिए अवरोधक बने हुए हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को तबाह कर रहे हैं। स्थित यह है कि ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों द्वारा न तो आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया जा रहा है, न ही उनके पालकों के विरूद्ध कोई कार्रवाई की जा रही है।



### हाइवे व रेलवे ट्रेक पर भी हो रही मौतें

आलम यह है कि हाइवे व रेलवे ट्रेक पर भी लगभग हर दिन कोई न कोई मवेशी मौत के मुंह में समा रहा है। हाइवे पर जिला मुख्यालय में बाहरी रोड, मेन रोड व श्याम टॉकीज रोड सहित कॉलोनियों व मोहल्लों तक में बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों के विचरण से कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। नगर पालिका से उम्मीद है कि वह हाका गैंग चलाकर इन मवेशियों को कांजी हाऊस भिजवाए। अचानक तेज रफ्तार वाहनों के सामने आने की वजह से मूक पशु जहां जान गंवा रहे हैं, वहीं ट्रेन हादसों में भी उनकी मौत हो रही है। पशु पालकों की बेरूखी के कारण ही गौवंश इस दुर्दशा का शिकार हो रहे हैं।

जिला मुख्यालय के पुराना नरङ्कूषसहपुर बड़े पुल के समीप लगे गौवंशों के जमघट के बीच दो नंदियों के बीच हुई लड़ाई ने लोगों को भयाक्रांत कर दिया। घंटों की मशक्कत व अनेक कवायदों के बाद लोग बमुश्किल उन्हें वहां से भगा पाए। इतवारा बाजार, शनिचरा बाजार सहित अन्य कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों में ऐसे नजारे आम हो चुके हैं। राह चलते गौवंशों द्वारा किए जाने वाले हमलों में भी लोग घायल होने के बाद अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसके अलावा शहरी के प्रमुख मार्गों व हाइवे पर विचरती गायें भी आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। इसी वर्ष लगभग एक दर्जन लोग इस वजह से घायल हो चुके हैं। सड़क पर चलते वक्त वह के सामने अचानक गौवंशों के आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं जिससे उसमें सवार व्यक्ति घायल हो जाता है।

### मृत मवेशी उठाने में कोताही

मृत मवेशी भी उठाए जाते हैं पर पंचायत द्वारा इस कार्य में रूचि नही ली जाती है। हाइवे पर तो दुर्घटनाओं में मृत हुए मवेशियों के शव कई दिनों तक सड़क किनारे पड़े रहकर दुर्गंध तक मारने लगते हैं, बावजूद इसके उनके निष्तारण हेतु कुछ नही किया जाता। जिले में 30 गौशालाओं के आरंभ हो जाने के बाद भी यदि गौवंश इन हालातों के शिकार हैं तो प्रशासन व स्थानीय संस्थाओं का सवालों के घेरे में खड़ा होना लाजमी है। हालातों के बीच विगत एक वर्ष में लगभग 800 गायों की मौत हो चुकी है। मृत पशुओं को उठाने में कोताही ग्राम पंचायतों द्वारा मृत पशुओं को उठाने एवं उनके अंतिम संस्कार में कोताही बरते जाने की मामले भी सामने आये हैं।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा के तहत जिले की 9 ग्राम पंचायतों में पहुंचा दल

### कृषकों को बताये जैविक खेती के लाभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विकसित कृषि संकल्प यात्रा के तहत दूसरे दिन 30 मई को जिले की 9 ग्राम पंचायतों में दल पहुंचा। यहां किसानों को आगामी खरीफ की तैयारी और नरवाई प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया और उसके लाभ के बारे में भी बताया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गठित दल 30 मई को गोटेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत कुकलाह, कुसीवाड़ा व सिमरिया, नरसिंहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत डोंगरगांव, अमोदा व हीरापुर और चांवरपाठा विकासखंड की ग्राम पंचायत ढिलवार, खमरिया व बिजौरा में किसानों के बीच पहुंचा। दल द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीकों, आगामी खरीफ की तैयारी और नरवाई प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्राम पंचायत सिमरिया के प्रगतिशील कृषक श्री बिजेन्द्र सिंह ने प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के लाभ के बारे में किसानों से विस्तृत चर्चा की। नरसिंहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में जनपद सदस्य एवं सरपंच श्रीमती सुषमा शर्मा ने अपने विचार रखते हुए किसानों से चर्चा की। विकासखंड चांवरपाठा की ग्राम पंचायत ढिलवार की सरपंच श्रीमती अनिता मेहरा, ग्राम पंचायत खमरिया की सरपंच श्रीमती इमरती चैधरी एवं ग्राम पंचायत बिजौरा के सरपंच द्वारका प्रसाद झारिया की मौजूदगी में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की आवश्यकता, डीएपी,



के विकल्प और अन्य महत्वपूर्ण कृषि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



# विश्व तम्बाकू दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस थीम पर डॉ आर आर कुर्रे रेलवे चिकित्सक ने लोगों को से अपील की है कि नशा न करें तम्बाकू के सेवन से हर साल एक करोड़ लोग मर जाते है। तम्बाकू मे निकोटीन साथ अन्य जहरीली तत्व होता है। इससे मुँह के कैंसर के अलावा लिवर पेनक्रियाज आतो रेक्टम एसोफेग्स के कैंसर होता है। इसके अलावा न्यूरोवस्कुलर दिल के बीमारी लंग्स कैंसर महिलाओ मे गर्भाशाय के केंसर होता है। रेलवे चिकित्सक डॉ आर आर कुर्रे के द्वारा जगह-जगह केम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ओरल कैंसर मरीजों के साथ तंबाकू न लेने का जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। अनाउंसमेंट के द्वारा रेलवे हॉस्पिटल रेलवे स्टेशन एवं जगह जगह शिविर लगाकर तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं उसके बचाव के लिए संकल्प लिए जा रहा है। नशा को छुड़ाने के लिए लोगों को जानकारी प्रदान की जा रही है। हम सब का एक ही सपना नशा मुक्त हो देश अपना, तंबाकू से नाता तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो, गुटखा जो चबायेगा जिंदगी खोजायेगा विश्व को बचाना है तंबाकू को हटाना है का संदेश दिया जा रहा है।

# श्रीकांत बने युवा सर्व ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पंडित श्रीकांत मिश्रा को युवा सर्व ब्राह्मण सभा नरसिंहपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा ब्राम्हण समाज मे किए गए योगदान और अपने कर्तव्य के प्रति सदैव निष्ठावान रहते हुए जिम्मेदारी के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वाहन करते हैं। श्री मिश्रा के जिलाध्यक्ष बनने पर ब्राम्हण समाज साथ ही उनके इष्ट मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाईयां प्रेषित की हैं।

### ग्रामीणों को पौधरोपण करने व जल संरक्षण व संवर्धन का दिया संदेश

# मां नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा

नरसिंहपुर।

मां नर्मदा जी के जल को निर्मल तथा प्रवास को अविरल बनाये रखने के उद्देश्य से यात्रा के पांचवें दिन 30 मई को ग्राम घुघरी से प्रारंभ हुई, जो ग्राम चिनकी पहुंची, जहां रात्रि विश्राम हुआ। इस दौरान ये यात्रा जिले की 7 ग्रामों से होकर निकाली गई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाये रखने, पौधरोपण करने और जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। यात्रा के पांचवें दिन 30 मई को ग्राम घुघरी से प्रात काल यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान घाटपिपरिया में नर्मदाष्टक एवं नर्मदा आरती तथा



सामूहिक रूप से घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात ग्राम कुटी, करहैया-नर्मदा, गुरारू व घाट बम्होरी से होकर यात्रा निकाली गई और चैपाल कार्यक्रम आयोजित किये गये। यात्रा के दौरान ग्राम चिनकी में रात्रि चैपाल व विश्राम हुआ। ग्राम चैपाल के माध्यम से बताया कि नर्मदा जी के तटों में पौधरोपण करने और को स्वच्छ बनाये रखने के लिए हम सभी को पहल करनी चाहिये। इसके अलावा जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। अभियान के तहत नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों के घाटों में स्वच्छता अभियान, गांव में जल संचयन के लिए कंटूर ट्रेंच निर्माण, खंती निर्माण के अलावा पौधरोपण करने का संदेश दिया। अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता हो, इसके लिए अन्य ग्रामीणों को भी प्रेरित किया जावे।

# नवनिर्मित मंदिर में आज विराजेंगे वनवासी श्रीराम





**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 08 में नव निर्मित भव्य मंदिर में वन वासी स्वरुप में आज शनिवार को प्राण-प्रतिष्ठा होगी। नवीन मंदिर के शिखर कलश की प्रतिष्ठा के साथ भगवान श्रीराम की स्थापना का पूजन पाठ अनुष्ठान वेदज्ञ पंडितों द्वारा किया जा रहा है।भव्य दिव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुये प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जलाधिवास अन्नाधिवास फलाधिवास पुष्पाधिवास धूप घृत मिष्ठान वासों के साथ कई प्रकार के औषधि महाऔषधी वासों के उपरांत दूध दही घी शहद पंचामृत तीर्थ जल से स्नपन के साथ सहस्त्र धारा अभिषेक किया गया। शोभायात्रा के उपरांत शैय्याधिवास कराया गया। मंदिर के स्नपन और न्यास के बाद आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री राम लक्ष्मण कुमार सीतामाता और हनुमान जी को प्रतिष्ठित किया जायेगा। हमारे प्रतिनिधि को पचौरी परिवार से मिली जानकारी के अनुसार वनवासी श्रीराम की विग्रह स्वरूप अत्यंत दुर्लभ और काफी प्राचीन है। एक ही शिला से निर्मित उक्त तीनों मूर्तियां क्षेत्र में कहीं भी नहीं है। नवीन भव्य मंदिर निर्माण में विराजमान को लेकर आज विविध आयोजन किये जा रहे हैं।

### 31 मई को यहां पहुंचेगी विकसित कृषि संकल्प यात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अभियान के तीसरे दिन 31 मई 2025 को ये दल गोटेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत छिंदौरी, मनकवारा व गर्रा, नरसिंहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत बंदरोहा, ढाना व करहैया- नर्मदा और चांवरपाठा विकासखंड की ग्राम पंचायत बिलगुवां, बिलहेरा व लोलरी में किसानों के बीच पहुंचेगा। किसानों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 5 जून को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में 7 जून 2025 को ईदुज्जुहा एवं 6 जुलाई 2025 को मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्वक त्यौहार मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरूवार 5 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11.30 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

# जब शिक्षण संस्थाओं में लायब्रेरी ही नहीं है तो फिर पुस्तकालय के नाम पर फीस किस बात की वसूली जा रही है....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस समय शहर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बीते हुए माह नया शिक्षण सत्र शुरू मात्र चंद दिवस ही शेष बचे हुये है। मगर देखा जा रहा है कि अनेक निजी स्कूलों द्वारा अभिभावको को लुभाने के लिए अनेक प्रकार के पेतरा अजमाये जा रहे है। वही दूसरी ओर नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने लेकर छात्र छात्राओं में उत्सुकता से खुश नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर शिक्षक भी अपने स्तर पर अध्यापन के लिए मानसिक तौर पर तैयार हो चुके है। मगर इस स्थिति मे अभिभावक बच्चों के लिए कापी, किताबों अन्य सामग्री की व्यवस्था के साथ ही महँगी फीस के प्रबंध मे जुटे हुये देखे जा रहे है अभिभावक चहते है कि शुरू होने जा रहे नए सत्र में शालाओं का माहौल इतना बेहतर हो जाए कि छात्र छात्राओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

वही कतिपय अभिभावकों ने बताया कि वर्तमान मे शहर के निजी व शासकीय प्राथमिक शाला भवनों की हालत ठीक नही है। वही कुछ प्राथमिक शालाओं मे छोटे बच्चों को मुख्य सुविधाएँ तक उपलब्ध नही है। दूसरी ओर जागरूक अभिभावकों की शिकायत है कि यह विडम्बना की बात है कि अधिकतर क्षेत्र के हायर सेकेंड्री स्कूलों मे वाउंड्रीबाल, अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के बावजूद लायब्रेरी की व्यवस्था करने मे कोताही बरती गयी है तथा अनेक हाई स्कूल ऐसे है जिनमे पहले पुस्तकालय थें। किन्तु अब उनके संचालन मे रूचि न होने से किताबें आलमरियों मे बंद कर दी गयी है, जिससें छात्र छात्राएँ पुस्तकों से लाभान्वित नही हो पा रहे है। वही अभिभावकों की माने तो बाजार से महॅगी पुस्तके खरीदकर बच्चों को वे किसी तरह उनके द्वारा शिक्षा दिलायी जा रही है। इस हालत मे संदर्भ ग्रंथ या सहायक पुस्तके खरीदना उनके बस मे नही है,यही कारण है कि छात्र छात्राओं के ज्ञान का विस्तार नही हो पा रहा है, अभिभावकों ने मॉग की है कि जिस प्रकार से नगर की निजी शिक्षण संस्थाओं में लायब्रेरी के नाम पर फीस तो बसूली जा रही है। मगर लायब्रेरी नही है जिसके चलते शासन द्वारा इस प्रकार की संस्थाओं की खोज करते हुए कार्यवाही करे।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज में रामकथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एकल अभियान श्री हरि कथा योजना एवं वनवासी ट्रस्ट के निर्देशन में संभाग महाकौशल , अंचल समिति सिवनी के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पी जी कालेज के सामने भैरोगंज सिवनी में भव्य राम कथा का आयोजन दिनांक 31 मई से 6 जून तक किया गया है जिसमें रांची से पधारी व्यास कथाकार सुश्री गीता कुमारी दीदी जी द्वारा संगीत मय रामकथा की जायेगी एवं प्रतिदिन शाम को भारत माता की आरती होगी।सभी नगरवासियों, जिलावासियों से सविनय निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामकथा का लाभ ले।

### कलचुरी फाउंडेशन करेगा स्वजातीय मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलचुरी फाउंडेशन सिवनी द्वारा कक्षा 10वीऔर 12वी परीक्षा 2025में 75%या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले के स्वजातीय मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जावेगा । उक्त सम्मान समारोह आई पी एस स्कूल लूघरवाड़ा में 31मई दोपहर 01बजे से आयोजित है जिसमें स्थानीय विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जावेगा।चूकि कलचुरी समाज की बेटी प्रज्ञा जयसवाल सिंगरौली ने 500 में से 500 अंक लेकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान रचा है तो यह सम्मान समारोह भी इस बेटी प्रज्ञा के नाम से ₹कलचुरी प्रज्ञा सम्मान₹ समारोह दिए जाना प्रारंभ किया जा रहा है।

### एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मारी टक्कर, गंभीर घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में बुधवार को जमुनिया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक को गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घायल गोधन डेहरिया (40) अपने बाइक पर सवार होकर बंडोल जा रहे थे। इसी दौरान बगल से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क किनारे जा गिरा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि वाहन समेत ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### 2 जून से 9 जून 2025 की अवधि में आयोजित होगी

**5 वीं 8 वीं पुनः परीक्षा 15,405 छात्र-छात्राएं होंगे पुनः परीक्षा में सम्मिलित**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल का पत्र क्र. 263206 भोपाल दिनांक 15/05/2025 के परिपालन में कक्षा 5वीं व 8वीं की मुख्य परीक्षा में असफल/अनुपस्थित छात्रों की पुनः परीक्षा सत्र 2024-25 निर्धारित समय सारणी अनुसार 02 जून 2025 से 09 जून 2025 के मध्य आयोजित की जावेगी । पुनः परीक्षा हेतु 80 जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत 70 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है । सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा केंद्रअध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति की जाकर पुनः परीक्षा हेतु पात्र समस्त बच्चों को प्रवेश पत्र वितरित किए जा चुके हैं । पुनः परीक्षा में कक्षा 5वीं के 4,062 एवं कक्षा 8वीं के 11,343 कुल 15,405 छात्र सम्मिलित होंगे । पुनः परीक्षा में पात्र छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बीआरसीसी, जनशिक्षक एवं संस्था प्रमुख समस्त जिला सिवनी को निर्देशित किया गया है ।